## BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA

### CLASS IV HINDI ASSIGNMENT 3

**I निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनें:-**

पुस्तकालय का अर्थ है पुस्तकें रखने का कक्ष। हर स्कूल और कॉलेज में पुस्तकालय होता है। पुस्तकालय में न केवल किताबें होती हैं, बल्कि अखबार, पत्र-पत्रिकाएँ, चार्ट आदि भी होते हैं। लोग पुस्तकालय में बैठकर मन-पसंद किताबें, अखबार और पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ते हैं। हमारे स्कूल में एक बड़ा पुस्तकालय है। उसमें हिंदी अंग्रेजी, संस्कृत आदि भाषाओं की हजारों पुस्तकें, शब्दकोष, मानचित्र् आदि हैं। बीच में एक बड़ी मेज़ है। हम वहीं बैठकर किताबें और पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ते हैं। बुधवार को हमारी पुस्तकालय की कक्षा होती है। हमारे अध्यापक भी हमारे साथ आते हैं। हमें तस्वीरों वाली कहानी की किताबें पढ़ने में मजा आता है।

1. पुस्तकालय में किस प्रकार की सामग्री होती है?
   क)केवल किताबें ख) किताबें, अखबार, पत्र-पत्रिकाएँ और चार्ट
   ग) केवल अखबार और पत्र-पत्रिकाएँ
2. हमारे स्कूल के पुस्तकालय में किस प्रकार की पुस्तकें हैं?
   क) केवल हिंदी की पुस्तकें ख) हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत आदि भाषाओं की पुस्तकें ग) केवल अंग्रेजी की पुस्तकें
3. पुस्तकालय में बैठकर कौन-सी गतिविधि की जाती है?
   क) खेल खेलना ख) नृत्य करना ग) किताबें और पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ना
4. पुस्तकालय की कक्षा किस दिन होती है?
   क) बुधवार ख) मंगलवार ग) सोमवार
5. छात्रों को पुस्तकालय में किस प्रकार की किताबें पढ़ने में मज़ा आता है?
   क) गणित की क़िताबें ख) विज्ञान की किताबें ग) तस्वीरों वाली कहानी की किताबें

**II) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर वाक्यों में लिखें:-**

क) पौष्टिक तत्वों की कमी से हमारे शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है?

ख) हीरा- मोती को काँजीहाउस में किसने बंद करवाया?

ग) साफ़- सफ़ाई रखने से क्या लाभ होगा?

**III) खाली स्थान भरें:-**

क) __________बड़ा अनमोल है।

ख) गयाप्रसाद बैलों को _________रस्सों से बाँधता था।

**IV) विलोम शब्द लिखें:-**

क) कमज़ोर ख) अपमान

**V) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-**

क) जिसमें अधिक बल हो-

ख) स्फूर्ति देने वाला-

**VI वाक्य पढ़कर (✓) या (×) का निशान लगाइए-**

क) बच्चों को मिष्ठान्न भी खाने चाहिए।

ख) साँड ने पहले मोती पर वार किया ।

**VII) निम्नलिखित वाक्यों में कि/की लगाकर वाक्य पूरा करें-**

क) हीरा - मोती _________हड्डियाँ निकल आई थीं।

ख) मोती ने कहा _________दीवार तोड़ दी जाए।

**VIII) नुक्ता लगाकर शब्द दोबारा लिखें-**

क) मजबूत ख) पिज्जा

**IX) निम्नलिखित प्रश्नों के उचित विकल्प चुने:-**

1. इकतीस और तैंतीस के बीच कौन-सी संख्या आती है?

क) तीस ख) बत्तीस ग) छत्तीस

2. चालीस से पहले कौन-सी संख्या आती है?

क) उनतालीस ख) अड़तीस ग) उनचास

3. पचास से पहले क्या आता है?

क) अड़तालीस ख) उनचास ग) सैंतालीस

**X) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए-**

क) कछुआ धीरे धीरे चलता है

ख) बच्चों ने पेड़ से आम तोड़ें